तेरी बांकी अदा ने ओ सांवरे

तुमने मैख़ाना निगाहों में छुपा रखा है।
होश वालो को भी दीवाना बना रखा है॥

तेरी बांकी अदा ने ओ सांवरे,
हमें तेरा दीवाना बना दिया।
तेरा टेढ़ा मुकुट तेरी टेढ़ी छटा,
तेरा बांका मुकुट तेरी बाँकी छटा,
हमें तेरा दीवाना बना दिया॥
तूने हमें भी आशिक़ बना दिया ॥

तेरा प्यार है मेरी ज़िन्दगी,
मेरा काम है तेरी बन्दगी,
जो तेरी ख़ुशी वो मेरी ख़ुशी।
तेरी इक नज़र का सवाल है,
हमें होश है न ख्याल है,
तूने हमें दीवाना बना दिया॥
तेरी बांकी अदा ने...

मेरे दिल में तूं ही तूं बसा,
मुझे छाया तेरा ही नशा,
मैं जिस्म हूँ मेरी जान तूँ।
तेरा जादू जब से सवार है,
मुझे चैन है ना करार है,
तूने हमे भी कायल बना दिया॥
तेरी बांकी अदा ने...

मेरी जिंदगी का नाज़ तूँ ,
मेरी हर ख़ुशी का राज तूँ,
तेरी हर अदा सबसे जुदा।
ये जो हल्का हल्का सुरूर है ,
ये तेरी नज़र का कसूर है ,
तूने हमें भी आशिक़ बना दिया ॥
तेरी बांकी अदा ने...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/765/title/teri-banki-ada-ne-o-sanwre-hume-tera-deewana-bana-diya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |